# TENDER HEART HIGH SCHOOL

कक्षा : 5 विषय : हिन्दी व्याकरण

उपविषय : मुहावरे (Idioms), पुस्तक : भाषा किरण
(पाठ - 14)

Teachers: Ms. Roma Rani

विदयार्थियो आपने पिछली कक्षा में मुहावरों के बारे में पढ़ा है। मुहावरा अरबी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है— बातचीत अथवा अभ्यास। ऐसा शब्द / पद / वाक्यांश जो सामान्य अर्थ से विपरीत किसी विशेष अर्थ का बोध कराए, उसे मुहावरा कहते हैं। वास्तव में मुहावरे लोक - मानस द्वारा बनाई गई अनुभूतियाँ हैं। इनके प्रयोग से भाषा के सौंदर्य में वृद्धि होती है। अतः मुहावरे का अर्थ है—

अर्थ / परिभाषा → ऐसे वाक्यांश जो विशेष अर्थ देते हैं, मुहावरे कहलाते हैं।

उदाहरण — आसमान सिर पर उठाना — यह एक मुहावरा है। अब इसका प्रयोग देखिए;

Scanned with CamScanner

कक्षा : 5 विषय : हिन्दी व्याकरण

उपविषय : मुहावरे पुस्तक : भाषा किरण
(पाठ - 14)

Teachers:- Ms. Roma Rani

---

अध्यापक की अनुपस्थिति में छात्रों ने आसमान सिर पर उठा लिया।
इसका अर्थ यह नहीं कि छात्रों ने आसमान जैसी किसी वस्तु को सिर पर उठा लिया बल्कि इसका अर्थ है—बहुत शोर करना।
'हवा से बातें करना' एक मुहावरा है जिसका शाब्दिक अर्थ है 'हवा से बातचीत करना' किंतु इसका वास्तविक अर्थ है, 'बहुत तेज़ दौड़ना'।

मुहावरों की विशेषताएं :-

- मुहावरा वाक्य का अंग बनकर प्रयुक्त होता है, स्वतंत्र रूप से नहीं।

- मुहावरे में मूल क्रिया का होना आवश्यक है, जिसके अंत में 'ना' लगता है; जैसे नाक कटाना, हाथ मलना।

Kreator

Scanned with CamScanner

DATE
PAGE No. 3

कक्षा : 5 — विषय : हिन्दी व्याकरण

उपविषय : मुहावरे — पुस्तक : भाषा किरण

Teachers: Ms. Roma Rani

* मुहावरे के रूप में कोई परिवर्तन नहीं होता; जैसे – 'फूल कर कुप्पा हो जाना' का प्रयोग किसी स्त्री के लिए यह नहीं कहा जाएगा – 'वह फूलकर कुप्पी हो गई'।
* मुहावरे के शब्दों को पर्यायवाची या समानार्थक शब्दों में नहीं बदला जा सकता; जैसे – 'कमर टूटना' की जगह 'कमर दुखना' नहीं हो सकता।

गृहकार्य → विद्यार्थी पुस्तक के पेज नं० (93 – 97) तक को अच्छी तरह से पढ़ेंगे तथा पेज नं० 94, 95 पर 'मुहावरों के अर्थ व उनका वाक्यों में प्रयोग' अपनी हिन्दी व्याकरण की नोट बुक में (1-15) अर्थात् '(भीगी बिल्ली बनना से लेकर किस्मत खुलना) तक लिखेंगे व याद करेंगे।

Note for the Parent :- अभिभावकों से अनुरोध है कि यह सारा कार्य अपनी देख रेख में करवाएँ ताकि बच्चों को कोई परेशानी न हो।

Kreator

Scanned with CamScanner